जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक 27.10.2024**

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 02 किलोग्राम चरस बरामदः-

दिनांक 26.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे मादक पदार्थ तस्करो के विरुद्ध कार्यवाही एवं रोकथाम अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, जिसके कब्जे से अवैध 02 किलोग्राम चरस बरामद हुयी है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.रामवीर पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम हसनपुर थाना झिंझाना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 02 किलोग्राम चरस।

थाना कांधला पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-

आज दिनांक 27.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कांधला पुलिस को 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुयी है, जिनके कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कांधला पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.आबूबकर उर्फ आदिल पुत्र मुस्तकीम उर्फ भूरा निवासी मौहल्ला जन्न्त कालोनी थाना कांधला जनपद शामली।

2.अरशद पुत्र राशिद निवासी मौहल्ला नई बस्ती मुस्तफाबाद थाना कांधला जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर (अभि0 आबूबकर उर्फ आदिल से बरामद)।

2.अवैध 01 चाकू (अभि0 अरशद से बरामद)।

<u>थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया इन्वर्टर बैट्री व घटना में प्रयुक्त चोरी की ईको गाड़ी बरामदः-</u>

आज दिनांक 27.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल नेतृत्व में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा 01 चोर को चोरी किये गये इन्वर्टर बैट्री व घटना में प्रयुक्त चोरी की ईको गाड़ी रजि0नं0 HR06AM4037 सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त द्वारा बरामदा गाड़ी को थाना गन्नौर जनपद पानीपत हरियाणा क्षेत्र से चोरी करना बताया है।

ज्ञात हो दिनाँक 22.09.2024 को वादी श्री मनोज पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम लतीफगढ़ थाना थानाभवन जनपद शामली के खेत पर बनी गोगा माढ़ी से अज्ञात चोर द्वारा 02 सिलेण्डर, इन्वर्टर मय बैट्री के चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना थानाभवन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.नदीम पुत्र गय्यूर निवासी मौहल्ला आलकलां थाना कैराना जनपद शामली।

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

1.चोरी किये हुये इन्वर्टर मय बैट्री।

2.चोरी की ईको गाड़ी रजि0नं0 HR06AM4037।

थाना थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-

आज दिनांक 27.10.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 01 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.दिलशाद पुत्र मुनफैद निवासी ग्राम सोन्टा रसुलपुर थाना थानाभवन जनपद शामली।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI